आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 82 | उज्जैन, बुधवार 12 फरवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# सबको मिले सरकार की योजनाओं का लाभ - मुख्यमंत्री

## न छूटे कोई भी हितग्राही प्रदेश के विकास में हो सबकी सक्रिय भागीदारी



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनकल्याण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। योजनाओं के जरिए ही हम इस लक्ष्य के लिए आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए सुनिश्चित करें कि प्रदेश का कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रदेश के विकास में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंद हितग्राहियों को पात्रतानुसार त्वरित लाभ दिया जाए।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस वित्तीय वर्ष के तय लक्ष्यों की समय पर पूर्ति की जानी चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रतिदिन समीक्षा की जाए, ताकि कोई भी सुपात्र हितग्राही लाभ पाने से न छूटे। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सतत समीक्षा करें। सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा और विलम्ब के समय पर हितग्राहियों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाएं सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु हैं। इनके प्रभावी क्रियान्वयन से ही जनता को शासन की संवेदनशीलता का अनुभव होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का फुल सैचुरेशन (पूर्ण संतृप्ति) किया जाना है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही बैंकों द्वारा वित्तपोषित योजनाओं में हितग्राहीमूलक प्रकरणों को निर्धारित समय से पहले लक्ष्य से भी कहीं ज्यादा संख्या में प्रस्ताव भेजे जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

# एयरो इंडिया में HAL ने स्वदेशी ट्रेनर HJT-36 का बदला नाम, जानिए अब कैसे होगी पहचान




नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा क्षेत्र की सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रशिक्षण विमान, हिंदुस्तान जेट ट्रेनर, एचजेटी-36 का नाम बदलकर %यशस% कर दिया गया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि विमान में कई सुधारों के बाद इसका नाम बदला गया है।

रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार ने एयरो इंडिया 2025 में एचएएल के सीएमडी डीके सुनील और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस विमान का नया नाम रखा। %यशस% को अत्याधुनिक एवियोनिक्स और आधुनिक काकपिट से लैस किया गया है।

विमान को किया गया अपग्रेड- अपग्रेड किए जाने से न केवल इसकी प्रशिक्षण प्रभावशीलता बढ़ेगी। आयातित उपकरणों के स्थान पर भारतीय तकनीक आधारित एलआरयू (लाइन-रिप्लेसेबल यूनिट्स) के साथ वजन को भी कम किया है। यशस स्टेज द्वद्व पायलट प्रशिक्षण विमान है। यह आतंकवाद विरोधी अभियानों, हथियार प्रशिक्षण, एरोबेटिक्स आदि में सक्षम है। यह एक हजार किलोग्राम तक के हथियार ले जाने में सक्षम है। बेहतर दृश्यता के लिए इसमें ड्रूप नोज और स्टेप्ड रियर काकपिट है।

# कैसे होगी MBBS की पढ़ाई, दिव्यांग छात्र ने स्ष्ट में लगाई याचिका; जल्द होगी सुनवाई




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक दिव्यांग छात्र की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई, जो शारीरिक रूप से दिव्यांग है और बिहार के एक सरकारी कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लिया है।

छात्र ने उस आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है, जिसमें उसे कोर्स करने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने बिहार के बेतिया स्थित कॉलेज और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) सहित अन्य को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब मांगा है।

58 प्रतिशत दिव्यांग है छात्र- तब तक याचिकाकर्ता के एडमिशन में बाधा नहीं डाली जाएगी। शरीर के निचले अंगों में मांसपेशियों की दुर्बलता के कारण याचिकाकर्ता 58 प्रतिशत तक दिव्यांगता से पीड़ित है। उसने सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित कानून और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार मेडिसिन की पढ़ाई करने के लिए अपनी योग्यता का नए सिरे से पुनर्मूल्यांकन करने की भी मांग की।

# इन 5 राज्यों में अटल भूजल योजना शुरू करने का प्लान, मगर माननी पड़ेगी केंद्र सरकार की एक शर्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने भूजल स्तर में सुधार वाली अटल भूजल योजना का विस्तार बिहार, पंजाब और तमिलनाडु सहित पांच और राज्यों- तक करने की योजना बनाई है। सोमवार को संसद में पेश की गई एक संसदीय समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

जल शक्ति मंत्रालय ने संसदीय समिति को यह भी बताया कि सरकार के प्रयासों के बावजूद अप्रत्याशित कारणों से कई राज्यों को गंभीर बाढ़ का सामना करना पड़ रहा है, खराब जल निकासी और प्राकृतिक जलमार्गों पर अतिक्रमण के कारण संकट और बढ़ गया है।

व्यय विभाग की सैद्धांतिक मंजूरी मिली- जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरुद्धार विभाग ने राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता वाली जल संसाधन संबंधी संसदीय स्थायी समिति को सूचित किया है कि उसे अटल भूजल योजना का 8200 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ विस्तार करने के लिए वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है।

अटल भूजल योजना अप्रैल 2020 से लागू है। सात राज्यों-हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 80 जिलों में पानी के संकट से जूझ रहीं 8774 ग्राम पंचायतों में यह योजना चल रही है। अटल भूजल योजना का विस्तार बिहार, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना में इस शर्त के साथ किया जाएगा कि योजना का क्रियान्वयन केंद्रीय प्रायोजित योजना के रूप में किया जा सकता है।

इन पांचों राज्यों से पिछले साल अगस्त में अटल भूजल योजना को केंद्रीय योजना में बदलने के लिए स्वीकृति मांगी गई थी। पंजाब ने अपनी मंजूरी दे दी है, जबकि अन्य राज्यों की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

# स्वच्छ भारत मिशन से बची 3 लाख बच्चों की जान, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में खुलासा




नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत उठाए गए कदमों से देश में तीन लाख बच्चों की जान बचाई गई है। जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने राज्यसभा में यह जानकारी दी।

मंत्री ने बताया कि सरकार की खुले में शौच से मुक्ति (ओडीएफ) की नीति के तहत देशभर में करीब 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं और अब तक 60 करोड़ लोगों को इस योजना का लाभ मिला है।


जल शक्ति मंत्री ने बताया कि इस योजना ने न केवल स्वच्छता सुनिश्चित की है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा भी बढ़ाई, क्योंकि अब महिलाओं को खुले में शौच जाने के लिए शाम तक इंतजार नहीं करना पड़ता।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट के लिए अब तक लगभग 48 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय योजना के प्रभाव का आंकलन करने के लिए लोगों से प्रतिक्रिया जुटा रहा है।

वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक लिखित उत्तर में कहा कि योजना के पायलट प्रोजेक्ट के लिए 840 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। अब तक लगभग 48 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में कंपनियों ने 1.27 लाख से अधिक अवसरों की पेशकश की और दूसरा दौर नौ जनवरी से शुरू हुआ।

# गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर फोकस, बजट 2025 पर लोकसभा में वित्त मंत्री ने क्या-क्या कहा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारण ने केंद्रीय बजट 2025-26 पर सामान्य चर्चा का लोकसभा में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को ग्रोथ इंजन बनाने के साथ गांवों में समृद्धि लाने पर सरकार जोर दे रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट का फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर है। इसका आधार कृषि, एमएसएमई और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाओं और सुधारों को प्रस्तुत करना था, जो विकास, ग्रामीण समृद्धि और लचीलेपन के प्रावधान के साथ-साथ विकास के इंजन के रूप में थे।

# राफेल विमान... 6 पनडुब्बी और जेट इंजन, फ्रांस पहुंचे PM मोदी के एजेंडे में क्या-क्या है?



नई दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक मंच पर फ्रांस और अमेरिका भारत के दो सबसे अहम रणनीतिक साझीदार देश हैं। बहुत कम होता है कि भारतीय प्रधानमंत्री एक साथ इन दोनों देशों की यात्रा पर गए हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इन दोनों देशों की यात्रा के पहले चरण में पेरिस पहुंचे। मंगलवार को वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ एआई एक्शन समिति की तीसरी बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे।

युद्धक विमान पर होगी बात- इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और मैक्रों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी जिसमें दोनों देशों के रिश्तों से जुड़े कुछ अहम समझौतों को अंतिम रूप दिया जाएगा। दोनों नेताओं के बीच फ्रांस से नए युद्धक विमानों की खरीद और फ्रांस के सहयोग से भारत में छोटे परमाणु ऊर्जा रिएक्टर लगाने को लेकर वार्ता काफी अहम मानी जा रही है।

आईटी कंपनियों के प्रमुखों से होगी बात- विमान में सवार होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इस यात्रा के बारे में कहा, एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करते हुए एआई प्रौद्योगिकी और आम जनता के लिए सुरक्षित व भरोसेमंद तरीके से एआई के इस्तेमाल को लेकर वैश्विक नेताओं और आईटी कंपनियों के प्रमुखों से बात होगी। मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ वर्ष 2047 के लिए भारत व फ्रांस की रणनीतिक साझीदारी के रोडमैप पर बात करने का अवसर मिलेगा। हम फ्रांस के ऐतिहासिक शहर मार्शेले का दौरा भी करेंगे जहां भारत के पहले कंसुलेट का उद्घाटन किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मजारगेज युद्ध स्मारक का दौरा भी करेंगे जहां विश्वयुद्ध एक व दो में मारे गए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी अपने सम्मान में राष्ट्रपति मैक्रों की तरफ से दिए गए भोज में भी हिस्सा लेंगे। कूटनीतिक सूत्रों के मुताबिक, मोदी और मैक्रों के बीच होने वाली मुलाकात में रक्षा सहयोग का एजेंडा व्यापक होगा।

खास तौर पर युद्धक विमान राफेल के नए बेड़े की खरीद और स्कोर्पियन वर्ग की छह पनडुब्बी भारत में बनाने के प्रोजेक्ट पी-75 की समीक्षा की जाएगी। साथ ही बेहद अत्याधुनिक (अगले जेनरेशन की) युद्धक विमानों में इस्तेमाल होने वाले इंजन के निर्माण को लेकर दोनों देशों में होने वाली वार्ता की भी समीक्षा होगी।

# बधाई हो..., जब फ्रांस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति से मिले पीएम मोदी; प्रधानमंत्री ने किस बात पर दी शुभकामनाएं?



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय फ्रांस की यात्रा पर हैं। पेरिस से वह अमेरिका की यात्रा के लिए रवाना होंगे। पेरिस में पीएम ने मंगलवार को AI एक्शन समिट को संबोधित किया।

इससे पहले पेरिस में एआई एक्शन शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले विश्व नेताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज के अवसर पर पीएम मोदी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से भी मुलाकात की है। दरअसल, अमेरिका की यात्रा से पहले ट्रंप सरकार के किसी सदस्य के साथ उनकी यह पहली मुलाकात है। दोनों नेताओं के मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई हैं।

जानकारी दें कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें पीएम मोदी सोमवार रात को एलिसी पैलेस में वेंस से हाथ मिलाते हुए और पिछले नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की जीत पर उन्हें बधाई देते हुए दिखाई दिए। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बधाई हो। शानदार, शानदार जीत। इसके जवाब में वेंस ने जवाब दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद, आपको देखकर बहुत अच्छा लगा।

पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों की सह-अध्यक्षता में आयोजित एआई एक्शन समिट में भाग लेने वाले वैश्विक नेताओं में वेंस और चीनी उप-प्रधानमंत्री झांग गुओकिंग शामिल हैं। मोदी और वेंस के बीच यह मुलाकात प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दूसरे कार्यकाल में पहली मुलाकात से दो दिन पहले हुई।

अमेरिका में ट्रंप से मिलेंगे पीएम मोदी- पीएम मोदी और अमेरिका के उप राष्ट्रपति वेंस के बीच अनौपचारिक बैठक प्रधानमंत्री के पेरिस पहुंचने से कुछ समय पहले ही तय हो गई थी। पीएम मोदी फ्रांस से सीधे अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे।

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात होगी। दोनों नेताओं के बीच होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# अब ट्रांसजेंडरों पर ट्रंप की सख्ती, सेना में शामिल होने पर लगाया बैन हुआ लागू, लिंग परिवर्तन प्रक्रिया पर भी लगी रोक

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में राष्ट्रपति बनने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक फैसले ले रहे हैं। इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले महीने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें व्यक्तिगत रूप से ट्रांसजेंडर सैनिकों पर निशाना साधा गया था। उन्होंने अपने फैसले में कहा था, कि ट्रांसजेंडर को आर्मी में शामिल होने नहीं दिया जाएगा।

सोमवार को अदालत में दायर रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के एक ज्ञापन के अनुसार, अमेरिकी सेना अब ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को



सेना में शामिल होने की अनुमति नहीं देगी और सेवा सदस्यों के लिए लिंग परिवर्तन से जुड़ी प्रक्रियाओं को सुविधा देना बंद कर देगी।

रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कोर्ट में दायर की अपील- हेगसेथ ने 7 फरवरी के एक ज्ञापन में एक एलान किया और सोमवार को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी जिला न्यायालय में एक आवेदन दायर किया।

उन्होंने कहा, तत्काल प्रभाव से, लिंग डिस्फोरिया के इतिहास वाले व्यक्तियों के लिए सभी नई एंट्री रोक दी जाती हैं।

हेगसेथ ने कहा कि सेना में पहले से ही लिंग डिस्फोरिया वाले व्यक्तियों के साथ सम्मान और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाएगा। कर्मियों और तत्परता के लिए रक्षा सचिव अतिरिक्त डिटेल प्रदान करेंगे कि इसका क्या मतलब होगा।

सेना में इतने ड्यूटी कर्मी- हेगसेथ ने कहा, सेवा सदस्यों के लिए लिंग परिवर्तन की पुष्टि या सुविधा से जुड़ी सभी अनिर्धारित, अनुसूचित या मेडिकल प्रक्रिया को रोक दिया गया है। रक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सेना में लगभग 1.3 मिलियन सक्रिय-ड्यूटी कर्मी हैं। जबकि ट्रांसजेंडर अधिकार अधिवक्ताओं का कहना है कि लगभग 15,000 ट्रांसजेंडर सेवा सदस्य हैं, अधिकारियों का कहना है कि यह संख्या हजारों में है।

## पुतिन और ट्रंप में हो गई सीक्रेट डील? यूक्रेन पर रूस ने किया ऐसा दावा, पूरे यूरोप में हड़कंप

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूक्रेन और रूस में भीषण युद्ध के बीच 11 फरवरी को नया और बड़ा अपडेट सामने आया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यालय क्रेमलिन ने दावा किया कि यूक्रेन का महत्वपूर्ण हिस्सा रूस से मिलना चाहता है। क्रेमलिन के दावों से यूरोप में हड़कंप मच गया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि क्या पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप में कोई सीक्रेट डील तो नहीं हो गई? हाल ही में एक चैनल को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा था कि यूक्रेन कभी भी रूस में मिल सकता है।

मंगलवार को क्रेमलिन ने कहा कि यूक्रेन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रूस बनना चाहता है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी के कुछ ही घंटों बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि यूक्रेन कभी रूस हो सकता है। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने यूक्रेन और रूस के बीच तीन साल से जारी संघर्ष पर कहा- यूक्रेन एक समझौता कर सकता है, या नहीं भी कर सकता। वे कभी रूस में मिल सकते हैं, या कभी नहीं मिल सकते हैं।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन की स्थिति काफी हद तक राष्ट्रपति ट्रंप के शब्दों से मेल खाती है। क्रेमलिन ने कहा, यह एक तथ्य है कि यूक्रेन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रूस बनना चाहता है और पहले ही बन चुका है।

## भ्रष्टाचार में और डूबा पाकिस्तान, दुनिया के सामने फिर हुई बेइज्जती, भारत कितना आगे?




नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान की साख को एक और बड़ा झटका लगा है। पहले से ही कर्ज में डूबे इस मुल्क की भ्रष्टाचार को लेकर दुनियाभर में छवि और खराब हो गई है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी करप्शन परसेप्शन इंडेक्स (सीपीआई) 2024 में पाकिस्तान दो पायदान नीचे खिसककर 135वें स्थान पर पहुंच गया है। बीते साल यह 133वें स्थान पर था, लेकिन इस बार उसकी स्थिति और बदतर हो गई। सीपीआई दुनिया के 180 देशों को सार्वजनिक क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के आधार पर शून्य (सबसे भ्रष्ट) से 100 (सबसे साफ-सुथरा) के स्कोर पर रैंक करता है। पाकिस्तान का स्कोर 29 से गिरकर 27 हो गया, जो यह दिखाता है कि देश में भ्रष्टाचार लगातार गहराता जा रहा है।

अगर पड़ोसी भारत से तुलना करें तो पाकिस्तान काफी पीछे है। भारत इस साल भी 93वें स्थान पर कायम है, जबकि उसका स्कोर 39 है, जो पाकिस्तान से 12 अंक अधिक है। साफ है कि भारत में पारदर्शिता और प्रशासनिक सुधारों ने इसे एक स्थिर स्थिति में रखा है, जबकि पाकिस्तान लगातार भ्रष्टाचार के दलदल में धंसता जा रहा है।

## पेपर स्ट्रॉ की जगह प्लास्टिक स्ट्रॉ, ट्रंप ने बाइडन के फैसले को किया खत्म; कारण भी बताया

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में राष्ट्रपति बनने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। अभी तक टैरिफ, ट्रांसजेंडर, कई देशों पर कब्जे की धमकी समेत कई मुद्दों पर वो फैसला सुना चुके हैं। अब उन्होंने प्लास्टिक स्ट्रॉ पर चर्चा की है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह पेपर स्ट्रॉ के इस्तेमाल पर बैन लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, पेपर स्ट्रॉ बहुत लंबे समय तक नहीं चल पाते हैं। इसके बजाय वह चाहते हैं कि सरकार विशेष रूप से प्लास्टिक की ओर बढ़े। हम प्लास्टिक स्ट्रॉ की ओर वापस जा रहे हैं।

ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर- ट्रंप ने कागज के स्ट्रॉ को प्रोत्साहित करने और प्लास्टिक स्ट्रॉ को प्रतिबंधित करने वाली संघीय खरीद नीतियों में बदलाव के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।

ये आदेश संघीय एजेंसियों को पेपर स्ट्रॉ खरीदना बंद करने का निर्देश देता है और अन्यथा यह सुनिश्चित करें कि एजेंसी बिल्डिंग के अंदर अब पेपर स्ट्रॉ अब उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे।

प्लास्टिक को लेकर क्या था बाइडन का फैसला- कई अमेरिकी राज्यों और शहरों ने प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगा दिया है।

ट्रंप का यह कदम पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की उस नीति को उलटने के लिए है, जिसमें साल 2027 तक सरकारी संस्थानों में सिंगल-यूज प्लास्टिक (जैसे स्ट्रॉ) पर रोक लगाने का फैसला किया गया था।

बाइडन प्रशासन का लक्ष्य 2035 तक सभी सरकारी कार्यालयों में प्लास्टिक का उपयोग खत्म करना था।

इसे लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, अब अपने ड्रिंक का मजा बिना किसी गीले और बेकार पेपर स्ट्रॉ के लें! उन्होंने बाइडन की नीति को खत्म घोषित किया।

# ट्रंप को याद रखना चाहिए कि..., अमेरिका की धमकी पर क्या बोला हमास?

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने हमास को खुली चुनौती दे दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी है कि अगर अगले शनिवार यानी (15 फरवरी) तक हमास सभी बंधकों की रिहाई नहीं करता है तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे।

वहीं, ट्रंप ने हमास को शनिवार दोपहर 12 बजे तक का अल्टीमेटम दिया है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर हमास ने एक साथ सभी बंधकों को नहीं छोड़ा तो वो हमास के ठिकानों को नरक बना देंगे।

हमास ने ट्रंप की धमकी पर क्या कहा- ट्रंप के चेतावनी पर हमास ने भी जवाब दिया है। हमास ने कहा है कि अगर सभी बंधकों की एक साथ



रिहाई होती है तो ये युद्धविराम समझौते का उल्लंघन होगा।

हमास के एक वरिष्ठ नेता सामी अबू जुहरी ने मंगलवार को बताया, ट्रंप को याद रखना चाहिए कि एक समझौता है जिसका दोनों पक्षों को सम्मान करना चाहिए और कैदियों (बंधकों) को वापस करने का यही एकमात्र तरीका है। धमकी की भाषा का कोई मूल्य नहीं है और इससे मामला और जटिल हो जाता है।

बता दें कि 19 जनवरी को हमास और इजरायल के बीच युद्धविराम समझौता हुआ था। बीते 15 महीने से दोनों दोनों गुटों के बीच युद्ध चल रहा था। हमास का कहना है कि इजरायल युद्धविराम समझौते का उल्लंघन कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, अभी भी 73 लोग अभी भी हमास के बंधक में हैं।

हाल ही में ट्रंप ने गाजा के पुनर्विकास को लेकर ऐसी बात कही है, जिसने दुनिया को हैरान कर दिया है। ट्रंप ने कहा है कि गाजा पट्टी का पुनर्विकास किया जाएगा।

## शी जिनपिंग के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति को मिलाया फोन; किया सीक्रेट बातचीत का खुलासा

अमेरिका और चीन के बीच इस समय तनाव की स्थिति चल रही है। लेकिन दोनों के बीच अभी भी सीक्रेट बातचीत जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि की है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 20 जनवरी को पदभार संभालने के बाद से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात की थी।



ट्रंप ने उनकी बातचीत के बारे में ज्यादा डिटेल नहीं दी। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज पर प्रसारित एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के पदभार संभालने के बाद से चीनी नेता से बात की है, तो उन्होंने कहा, हां... मैंने उनसे बात की है और मैंने उनके लोगों से भी बात की है।

शी जिनपिंग के लिए क्या बोले ट्रंप - ट्रंप ने कहा, हमारे बीच बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध हैं। मुझे उनसे बात करना पसंद है। राष्ट्रपति ने यह नहीं बताया कि वास्तव में कॉल कब हुई या क्या चर्चा हुई।

वहीं ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्हें दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच नए व्यापार युद्ध को शांत करने के लिए शी जिनपिंग से बात करने की कोई जल्दी नहीं है। व्यापार शुल्क में संभावित ढील या देरी के लिए शी जिनपिंग और ट्रंप के बीच बातचीत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

किस मुद्दों पर हुई थी बातचीत- व्हाइट हाउस और चीनी विदेश मंत्रालय ने फॉक्स न्यूज के साथ ट्रंप के इंटरव्यू पर टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

# देश की सबसे ऐतिहासिक शादी और राष्ट्रपति भवन में विवाह करने की इजाजत...



नई दिल्ली (एजेंसी)। 12 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में एक शादी होने वाली है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि वो भारत की सबसे ऐतिहासिक शादी होगी। आखिर ये ऐतिहासिक शादी कैसे है और राष्ट्रपति भवन में किसे शादी करने की इजाजत मिल गई?

सीआरपीएफ अधिकारी पूनम गुप्ता 12 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। उनकी शादी कोई साधारण नहीं बल्कि एक ऐतिहासिक शादी होने वाली है। उनकी शादी राष्ट्रपति भवन में होगी। ये वही पूनम गुप्ता हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कमांडो बताया गया था।

पूनम गुप्ता को पीएम मोदी के साथ चलते देखा गया था, जिसके बाद ये चर्चा शुरू हुई थी कि ये पीएम मोदी की महिला कमांडो हैं।

कैसे मिली इजाजत- देश के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास राष्ट्रपति भवन में पूनम गुप्ता का विवाह होने वाला है। ये पहला मौका है जब राष्ट्रपति भवन में किसी की शादी होगी। इस शादी में परिवार के सिर्फ करीबी लोग ही शामिल होंगे।

राष्ट्रपति भवन परिसर में स्थित मदर टेरेस कॉम्प्लेक्स में पूनम गुप्ता शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। अब ये सवाल उठना लाजमी है कि आखिर उनको राष्ट्रपति भवन में शादी करने की इजाजत कैसे मिल गई? दरअसल, पूनम गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने राष्ट्रपति भवन में शादी करने की इच्छा जताई थी और उनसे अनुरोध किया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूनम गुप्ता के प्रोफेशनिलज्म, देश की सेवा के प्रति समर्पन और डेडिकेशन देखकर उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया। भारत में पहली बार ऐसा होगा की किसी की शादी राष्ट्रपति भवन में होगी।

## भूल नहीं सकते 26/11 का घाव; मोदी सरकार के समर्थन में क्या बोले शशि थरूर?



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ अब बिना किसी बाधा के बातचीत संभव ही नहीं है।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि 26/11 के मुंबई हमले जैसे घावों को भुलाया नहीं जा सकता। जब भारत सरकार ने पाकिस्तान से बातचीत करने का मन बनाया तो मुंबई में आतंकी हमला हो गया। पाकिस्तान ने पठानकोट और मुंबई में जो छुरा घोंपा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सही ही कहा है कि पाकिस्तान के साथ अब साधारण तरीके से बात नहीं हो सकती है।

पाकिस्तान के नागरिकों को भारत आने का मिला वीजा- शशि थरूर- हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान के लोगों के साथ पीपल टू पीपल इंटरैक्शन बढ़ाना चाहिए। पाकिस्तान के नागरिकों को ज्यादा वीजा मिलना चाहिए। फॉरन करेस्पॉडेंट्स क्लब में वरिष्ठ पत्रकार और विद्वान के.वी. प्रसाद की एक किताब, भारतीय संसद विदेश नीति को आकार देना के विमोचन के मौके पर उन्होंने ये बात कही है। शशि थरूर ने कहा कि ऐसा कोई भी पाकिस्तानी नहीं है जो भारतीय आया हो और उसे हमारे देश से प्यार न हुआ हो।

## क्या बंगाल में कांग्रेस से मिलकर चुनाव लड़ेंगी ममता? संजय राउत ने दोनों पार्टियों को दी ये खास सलाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद अब सभी लोगों की नजर बिहार और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों पर है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने बंगाल चुनाव और अरविंद केजरीवाल को लेकर बयान दिया है।

बंगाल में स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेंगी ममता- ममता बनर्जी ने यह कहा था कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बिना किसी गठबंधन के स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। बंगाल की सीएम के इस बयान पर संजय राउत ने कहा कि, ममता बनर्जी ने हमेशा से स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा है, चाहे वो लोकसभा हो या विधानसभा। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस इंडी गठबंधन का एक बड़ा हिस्सा है, इसलिए ममता बनर्जी को कांग्रेस के साथ हमेशा बातचीत जारी रखनी चाहिए। इसके साथ ही, संजय राउत ने अरविंद केजरीवाल द्वारा पंजाब के आप विधायकों को दिल्ली बुलाए जाने पर भी बयान दिया है।

शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कहा कि, पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है और पार्टी हाईकमान दिल्ली में है। पार्टी की बेहतरी के लिए रणनीतियों पर काम करने के लिए पार्टी की बैठक बुलाने में क्या गलत है? यह उनकी पार्टी का आंतरिक मामला है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम आने से एक दिन पहले आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया था कि, विधायकों की खरीद-फरोख्त करने की कोशिश हो रही है।

## रणवीर इलाहाबादिया की बढ़ी मुश्किलें, FIR के बाद अब संसद में उठेगा अभद्र टिप्पणी का मामला




नई दिल्ली (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा में रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना और यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लेटेंट है। इस शो के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिसमें रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना को अभद्र टिप्पणी करते देखा जा रहा है।

लोगों ने रणवीर और समय के इन वीडियोज को काफी ज्यादा आपत्तिजनक पाया है और इन दोनों के खिलाफ पुलिस में शिकायत तक दर्ज की गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तक ने मामले का संज्ञान लिया और सख्त कार्रवाई होने की बात कही है।

संसद में उठेगा अभद्र टिप्पणी का मुद्दा - अब रणवीर इलाहाबादिया की मुसीबतें और बढ़ने वाली हैं, उनके द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी का मामला संसद में उठेगा। राजनीतिक पार्टियां यूट्यूबर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है।

शिवसेना(यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, वो इस मुद्दे को आईटी और संचार स्थायी समिति के सामने उठाएंगी। उन्होंने कहा, इंडियाज गॉट लेटेंट शो में अश्लील, ईशनिंदा वाली सामग्री को कॉमेडी के रूप में पेश किया जाता है।

सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भड़कीं प्रियंका चतुर्वेदी- सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रियंका चतुर्वेदी ने लिखा, मैं एक सांसद के रूप में आईटी और संचार की स्थायी समिति में इंडियाज गॉट लेटेंट नामक शो के मुद्दे को उठाऊंगी। इस शो में अश्लील और ईशनिंदा वाली सामग्री को कॉमेडी के रूप में पेश किया जाता है। हमें सीमाएं तय करने की जरूरत है, क्योंकि ये प्लेटफॉर्म युवाओं के दिमाग को प्रभावित करते हैं।

प्रियंका चतुर्वेदी के अलावा असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के नेता वारिस पठान ने भी सवाल उठाए हैं।

उन्होंने रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी को लेकर कहा, उनका बयान बहुत ही आपत्तिजनक है, वेस्टर्न कल्चर में भी ऐसा नहीं हो रहा है, जो यहां चल रहा है। उन्होंने फ्रीडम ऑफ स्पीच की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। रणवीर ने जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल माता-पिता के लिए किया है, यह शर्म की बात है।

## शाम ढलने के बाद महिलाओं को गिरफ्तार करना गलत नहीं: हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला




नई दिल्ली (एजेंसी)। मद्रास हाईकोर्ट ने महिलाओं की गिरफ्तारी को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले महिलाओं को गिरफ्तार करने पर कानूनी प्रतिबंध एक प्रकार से निर्देश के रूप में है, लेकिन अनिवार्य नहीं हैं।

क्या बोले जज- न्यायमूर्ति जी आर स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति एम जोतिरामन की खंडपीठ ने कहा कि यह प्रावधान कानून प्रवर्तन के लिए एक चेतावनी उपाय की तरह है, लेकिन इसका पालन न करने पर गिरफ्तारी अवैध नहीं हो जाती।

हालांकि, TOI की रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर अधिकारी निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करता है, तो उसे उसकी उचित वजह बतानी होगी।


इस प्रक्रिया से रात में हो सकती गिरफ्तारी

हाईकोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि कानून असाधारण स्थितियों को छोड़कर रात के समय महिलाओं की गिरफ्तारी पर रोक लगाता है। ऐसे मामलों में, क्षेत्राधिकार वाले मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है।

अदालत ने कहा कि प्रावधान यह परिभाषित नहीं करता है कि असाधारण स्थिति क्या होती है। सलमा बनाम राज्य के मामले का हवाला देते हुए, अदालत ने कहा कि एकल न्यायाधीश ने पहले महिलाओं की गिरफ्तारी के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार किए थे। हालांकि, खंडपीठ ने पाया कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों को स्पष्टता प्रदान करने में ये दिशा-निर्देश अपर्याप्त हैं।

पीठ ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि वह यह स्पष्ट करने के लिए आगे दिशा-निर्देश स्थापित करें कि रात में किसी महिला की गिरफ्तारी के लिए कौन सी असाधारण स्थिति उचित है। इसके अतिरिक्त, कोर्ट ने सुझाव दिया कि राज्य विधानमंडल भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 43 में संशोधन करने पर विचार कर सकता है, जो कि भारतीय विधि आयोग द्वारा अपनी 154वीं रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के अनुरूप है।

## दूल्हा बनने से पहले CIBIL Score ने खोली लड़के की पोल, लड़की के घरवाले ने तोड़ दिया रिश्ता



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में अब शादी तय करने का तरीका बदलने लगा है। जीवनसाथी को चुनने से पहले शक्ल सूरत के अलावा कुंडली, गुण, पारिवारिक पृष्ठभूमि के अलावा वित्तीय स्थिति की भी जांच की जाती है। पुराने जमाने में किसी की वास्तविक हैसियत का पता लगाना थोड़ा मुश्किल था।

मगर अब यह काम सिबिल स्कोर के माध्यम से मिनटों में हो जाता है। लोग अब शादी तय करने से पहले सिबिल स्कोर की जांच करने लगे हैं। हाल ही में एक शादी को सिबिल स्कोर के आधार पर तोड़ दिया गया, क्योंकि होने वाले दूल्हे का क्रेडिट स्कोर ठीक नहीं था।

अंतिम दौर में थी शादी की बातचीत- महाराष्ट्र के अकोला में एक परिवार ने खराब क्रेडिट स्कोर की वजह से शादी से इंकार कर दिया। यह मामला मुर्तिजापुर का है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक शादी की बातचीत आखिरी चरण में चल रही थी। दोनों पक्षों में शादी को लेकर सहमति भी बन चुकी थी। दोनों परिवारों ने शादी की तैयारियां भी जोर-शोर से शुरू कर थीं। हालांकि इस बीच लड़की के रिश्तेदारों ने लड़के के सिबिल स्कोर के बारे में जानकारी मांगी और बात यहीं से बिगड़ गई। सिबिल स्कोर ने बिगाड़ा खेल- दरअसल, सिबिल स्कोर की जांच में सामने आया कि लड़के का क्रेडिट स्कोर खराब था। उसने कई बैंकों से लोन ले रखा था। लड़की के रिश्तेदारों का कहना है कि अगर कोई इंसान शादी से पहले ही कर्ज में दबा है तो वह शादी के बाद अपनी पत्नी को वित्तीय सुरक्षा कैसे दे सकता है? इसके बाद परिवार ने शादी न करने का फैसला लिया। सिबिल स्कोर के आधार पर तोड़े गए इस विवाह प्रस्ताव की चर्चा खूब है।

सिबिल स्कोर से किसी व्यक्ति के वित्तीय हालात की समीक्षा करने में असानी होती है। शख्स पर कितना लोन है। समय पर किस्तों का भुगतान करता है या नहीं, उसका वित्तीय अनुशासन कैसा है... इसका पता लगाया जा सकता है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 माघ शुक्ल पूर्णिमा



## संपादकीय

# महाकुंभ 2025 कई मामलों में सुर्खियां बटोर रहा है



म वर्ण से बनने वाले शब्दों अथवा घटनाओं के कारण म से महाकुंभ 2025 कई मामलों में सुर्खियां बटोर रहा है। माया, महामाया, मनोहर एवं मनोरंजक मिश्रित दृश्य वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की विभिन्न कोटियां मनोवांछित मतलब के उद्देश्य से मेले में चलते, गिरते-पड़ते और भटकते हुए दिखाई दे रही हैं। म महापुरुष, महिला, मठाधीश से मुख्यमंत्री तक, हर कोई संगम में तन को मन से गीला करने में लगा हुआ है। कोई म से मल या मैल धोने, कोई म से मोक्ष प्राप्त करने या म से मनोरथ सिद्ध करने के लिए डुबकी लगा रहा है। किसी युग में समुद्र मंथन से अप्सरा रंभा निकली थी, उसी तरह महाकुंभ मंथन 2025 में म से मनका ( माला) बेचने वाली मलिका (सुंदर स्त्री) का अवतरण हुआ है। म से मोनालिसा का जादू महाकुंभ में ऐसा छाया कि कई लोगों ने उसके साथ सेल्फी लेकर अमृत स्नान वाला पुण्य प्राप्त कर लिया। इस महाकुंभ में म से मत्सरी महात्मा अर्थात गुस्सैल साधु महाराज का भौकाल भी देखते बन रहा है। साइलेंट प्रवृत्ति वाले महात्मा का वायलेंट मोड वाला वीडियो कब वायरल हो जाए, यह महादेव को भी नहीं मालूम। बाबाजी एटीट्यूड से ऐसा प्रतीत होता है कि तथाकथित महात्मा जी आम जन की तरह महंगाई, परिवार, रोजगार अथवा राष्ट्रीय मुद्दे की चिंता से तनावग्रस्त हैं। रौद्र रूप धारण करते हुए मनोविकार को कभी किसी यूट्यूबर पर, तो कभी किसी अन्य पर थप्पड़, लाठी, चिमटा और त्रिशूल तान कर निकाल रहे हैं। म से ममता कुलकर्णी का महामंडलेश्वर बनने से कई लोगों का हाजमा खराब हो गया है। ऐसा लग रहा है कि सुंदरी से साध्वी बनने वाले कृत्य पर भले ही उनको राणाजी माफ कर दें, लेकिन उनके फैंस और विरोधी कभी माफ नहीं करेंगे।

म से मौनी अमावस्या वाले दिन मचे भगदड़ के कारण मोक्ष के बजाय मृत्यु प्राप्त होने वाले दर्जनों श्रद्धालुओं ने मीडिया एवं राजनीतिक दलों को सर्दियों में गरमागरम म से मुझ उपलब्ध कराने में महती भूमिका निभाई। म से मुसाफिर को महाकुंभ तक पहुंचने अथवा घर वापसी के लिए यात्रा के दौरान जो म से मशक्कत करनी पड़ रही है, वह देखते ही बनती है। ट्रेन के अंदर घुसने के लिए एक-दूसरे पर बोतल का पानी फेंकना, धक्का-मुक्की करना, ट्रेन की बंद दरवाजे-खिड़कियों को पीटना, ट्रेन की बंद गेटों पर लटक कर रेलवे यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की जो तस्वीरें और वीडियो सामने आ रही है।

वह इस बात का प्रमाण है। कि जनसंख्या के मामले में हम विश्व गुरु हैं और भीड़ जुटाने के मामले में हमारा कोई वैश्विक जोड़ीदार नहीं है। ओवरलोड ट्रेन या बसों में सीट प्राप्त कर लेना श्रद्धालुओं के लिए अमृत स्नान से कम नहीं माना जा रहा है। म से मजे की बात यह है कि यहां मक्कार प्रवृत्ति वाले मानव दूसरों का माल, मन, मोबाइल चुराकर मालामाल बनने की जुगत हुआ है, तो वहीं दूसरी ओर छोटी- बड़ी गाड़ियों में सवार कुछ यात्री अमृत स्नान करके लौटते समय, तो कुछ अमृत स्नान को जाते समय दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण यमराज का मार्च क्लोजिंग वाला डाटा फरवरी में ही पूरा करने में सहयोग कर रहे हैं। बहरहाल म से मनोहारी और मदहोश करने वाले दृश्यों के बीच इंटरनेट मीडिया पर तौलिया में स्नान की जाती हुई युवती अथवा बाबाजी के साथ सेल्फी लेती हुई देसी-विदेशी महिलाओं की कुछ अनसेंसर्ड तस्वीरें या वीडियो भी सामने आ रही हैं, जिनके व्यूज को देखकर इस बात का आकलन किया जा सकता है कि मेटा के उपभोक्ता भी महाकुंभ के विभिन्न स्नानों में मानसिक गोता लगा रहे हैं।

विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्राचार्य शैक्षिक स्तंभकार गली कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

# संत रविदास



रविदास जी एक महान संत थे जिन्होंने अपने जीवन के दौरान अनेकों सामाजिक व धार्मिक सुधारों का कार्य किया। उनका जन्म 15वीं शताब्दी के उत्तर प्रदेश के कासगंज में हुआ था। उनके पिता रोही नाम के एक चमार थे। रविदास जी बचपन से ही बहुत धर्मिक थे और उन्होंने अपने जीवन के दौरान कई धर्म ग्रंथों को अध्ययन किया था।

रविदास जी एक महान संत, कवि और समाज सेवक थे जिनका जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में सन् 1377 में हुआ था। वे एक चमार वर्ग के थे और उनके परिवार का जीवन गरीबी और संकट से भरा था।

बचपन से ही रविदास जी को धर्म और आध्यात्मिक विषयों में रुचि थी। वे संत मीरा बाई, संत कबीर, संत रामानंद और संत नामदेव जैसे अन्य संतों की भावनाओं के प्रभाव में आते थे।

एक दिन, रविदास जी को दर्शन मिले जब उन्होंने एक गुरु के शिष्यों के समूह को धर्म के उच्च मानकों का उल्लंघन करते देखा। यह घटना उन्हें अपने आप को धर्म के उच्च मानकों से जोड़ने की प्रेरणा दी।

रविदास जी अपनी जीवनगाथा को अपने लेखों के माध्यम से व्यक्त करते थे। उन्होंने अपने लेखों में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच धर्म के महत्व को बताया और लोगों को धर्म के उच्च मानकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

रविदास जी ने अपने जीवन के दौरान अपने समाज को संघर्ष के लिए प्रेरित किया और उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज में समानता का संदेश फैलाया। उन्होंने अपने कविताओं के माध्यम से जाति व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई थी।

रविदास जी ने अपने जीवन के दौरान कई कार्य किए। उन्होंने चमार समुदाय में शिक्षा के लिए अपनी मेहनत की। उन्होंने अपने समाज को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया था और उन्होंने अपने समुदाय के लोगों के लिए अस्पताल खोला था। रविदास जी के उपदेशों के आधार पर बुद्धि और ज्ञान की महत्वपूर्ण बात करते हुए उन्होंने शिक्षा के महत्व को बताया और अपने समाज के लोगों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज को एक समान और समझदार समाज बनाने का संदेश दिया।

रविदास जी के उपदेश धार्मिक होने के साथ-साथ सामाजिक भी थे। उन्होंने अपने समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए अपनी कविताओं का उपयोग किया। उन्होंने अपनी कविताओं में जाति व्यवस्था, बलात्कार, भ्रष्टाचार और बेटियों के सम्मान के बारे में बताया। उन्होंने लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का संदेश दिया और समाज में समानता का संदेश फैलाया।

रविदास जी का जीवन एक अद्भुत उदाहरण है जो हमें समाज की समस्याओं के साथ-साथ धार्मिक जीवन के महत्व को भी समझाता है। उनके जीवन और उपदेश हमें एक समान और समझदार समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करते हैं।

रविदास जी का जन्म- रविदाजी को पंजाब में रविदास कहा। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान में उन्हें रैदास के नाम से ही जाना जाता है। गुजरात और महाराष्ट्र के लोग रोहिदास और बंगाल के लोग उन्हें 'रुइदास' कहते हैं। कई पुरानी पांडुलिपियों में उन्हें रायादास, रेदास, रेमदास और रौदास के नाम से भी जाना गया है। कहते हैं कि माघ मास की पूर्णिमा को जब रविदास जी ने जन्म लिया वह रविवार का दिन था जिसके कारण इनका नाम रविदास रखा गया। उनका जन्म माघ माह की पूर्णिमा को हुआ था। इस वर्ष 24 फरवरी 2024, दिन शनिवार को उनकी जयंती मनाई जाएगी।

संत शिरोमणि कवि रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा को 1376 ईस्वी को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के गोबर्धनपुर गांव में हुआ था। उनकी माता का नाम कर्मा देवी (कलसा) तथा पिता का नाम संतोख दास (रग्घु) था। उनके दादा का नाम श्री कालूराम जी, दादी का नाम श्रीमती लखपती जी, पत्नी का नाम श्रीमती लोनाजी और पुत्र का नाम श्रीविजय दास जी है। रविदासजी चर्मकार कुल से होने के कारण वे जूते बनाते थे। ऐसा करने में उन्हें बहुत खुशी मिलती थी और वे पूरी लगन तथा परिश्रम से अपना कार्य करते थे।

उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों का शासन था चारों ओर अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार व अशिक्षा का बोलबाला था। उस समय मुस्लिम शासकों द्वारा प्रयास किया जाता था कि अधिकांश हिन्दुओं को मुस्लिम बनाया जाए। संत रविदास की ख्याति लगातार बढ़ रही थी जिसके चलते उनके लाखों भक्त थे जिनमें हर जाति के लोग शामिल थे। यह सब देखकर एक परिद्ध मुस्लिम सदना पीर उनको मुसलमान बनाने आया था। उसका सोचना था कि यदि रविदास मुसलमान बन जाते हैं तो उनके लाखों भक्त भी मुस्लिम हो जाएंगे। ऐसा सोचकर उनपर हर प्रकार से दबाव बनाया गया था लेकिन संत रविदास तो संत थे उन्हें किसी हिन्दू या मुस्लिम से नहीं मानवता से मतलब था।

परिवार और बचपन का वर्णन- गुरु रविदास जी का जन्म 1398 ईसा पूर्व में उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के निकट बन्दागाव गांव में एक चमार परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम संतोषदास था और माँ का नाम कुलदेवी था। उनके परिवार में परंपरागत रूप से चमार वर्ग में से लोग थे जो जाति व्यवस्था के अंतर्गत निम्न वर्ग में आते थे।

गुरु रविदास जी का बचपन बड़ा ही संघर्षपूर्ण था। वे बचपन से ही गरीबी और असमानता का अनुभव करते रहे थे। उनके घर की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी और उन्हें दुष्कर श्रम के लिए मजबूर होना पड़ता था। अपने बचपन में वे गोबर और कचरे इकट्ठा करने में लगे रहते थे।

गुरु रविदास जी के परिवार का धर्म श्रीमद् भागवत था। उन्होंने बचपन से ही इस धर्म के उद्धार के लिए जीवन का समर्पण किया था। उनकी माँ कुलदेवी धर्म का बहुत अनुयायी थीं और उन्हें घर में धार्मिक शिक्षा देती थीं। इसके अलावा, गुरु रविदास जी ने अपनी

माँ से अनेक धार्मिक बातें सीखीं जो बाद में उनके जीवन में बड़ा महत्व रखीं। गुरु रविदास जी के जीवन का बड़ा हिस्सा भगवान राम की भक्ति में गुजरा। उनके घर पर रामायण की पाठशाला चलती थी जहाँ वे भगवान राम की कथाएँ सुनते थे। इससे वे राम के भक्त बन गए थे और उनकी श्रद्धा भगवान राम की ओर बढ़ती गई।

गुरु रविदास जी के बचपन के समय उन्हें अपनी जाति के लोगों के साथ काम करने के कारण अनेक समस्याएं भी उठानी पड़ीं। वे अपने साथियों को असमानता के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करते थे।

गुरु रविदास जी के बचपन का यह अनुभव उन्हें बाद में आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक समस्याओं के समाधान के लिए उनके विचारों और कार्यकलापों को प्रेरित करने में मदद करता रहा। वे समाज में समानता, समझौता और प्रेम के संदेश को सफलतापूर्वक फैलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

रविदास जी के संदर्भ में विविध विचारों का उल्लेख- गुरु रविदास जी के विचार धर्म, समाज और मानवता से जुड़े हुए थे। उन्होंने समाज में असमानता, भेदभाव, उत्पीड़न, उच्छृंखलता और अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उनके विचारों में धर्म और समाज के संबंधों का विस्तारपूर्वक उल्लेख होता है।

गुरु रविदास जी के विचारों के मुख्य संदर्भों में श्रद्धा, सेवा, समानता, संयम, आदर्शों का पालन, प्रेम, एकता और समझौता शामिल होते हैं। वे सभी लोगों के साथ एक जैसे बराबर होने की मांग करते थे। उनके अनुयायी लोगों का कहना है कि गुरु रविदास जी ने धर्म के महत्व को सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए कई प्रचार यात्राएं भी की थीं।

गुरु रविदास जी के विचारों का एक अन्य महत्वपूर्ण संदर्भ है उनका सामाजिक संदेश। वे अपने समय के विभिन्न समाजिक विषयों पर विचार करते थे जैसे कि जाति भेदभाव, समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय।

वे सभी मनुष्यों को समान अधिकारों का हकदार मानते थे और इसके लिए उन्होंने समाज में सुधार के लिए लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने जाति विशेषज्ञों और ब्राह्मणों के साथ जो भेदभाव करते थे, उनसे विरोध किया था।

वे सभी लोगों के लिए एक ही ईश्वर के द्वारा बनाए गए थे और उनकी सेवा करना धर्म का एक आदर्श माना जाता था।

# 400 बिलियन डॉलर से नीचे आई संपत्ति, आखिर क्यों घट रही एलन मस्क की रईसी?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी अरबपति और टेस्ला के मालिक एलन मस्क की संपत्ति में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। उनकी कुल नेटवर्थ दो महीनों में पहली बार 400 अरब डॉलर के नीचे आ गई है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद मस्क की संपत्ति में तेजी से उछाल आया था। लेकिन, अब ठीक उसके उलट हो रहा है। आइए जानते हैं कि मस्क की संपत्ति में गिरावट की वजह क्या है।

क्यों घट रही ट्रंप की नेटवर्थ- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे 5 नवंबर 2024 को आए। उसके बाद टेस्ला के शेयरों में जोरदार तेजी देखने को मिली। दिसंबर के मध्य तक टेस्ला के शेयर अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे। उस वक्त निवेशकों को उम्मीद थी कि मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अच्छे संबंध कंपनी के लिए फायदेमंद साबित होंगे। लेकिन, उसके बाद से टेस्ला के शेयर 27 फीसदी गिर चुके हैं। मस्क की संपत्ति का 60 फीसदी से अधिक हिस्सा टेस्ला के शेयरों और ऑप्शंस से जुड़ा है। यही वजह है कि टेस्ला के शेयरों में गिरावट का असर मस्क की नेटवर्थ पर दिख रहा है।

टेस्ला के शेयरों में गिरावट की वजह

इलेक्ट्रिक व्हीकल मेकर टेस्ला के शेयरों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। जर्मनी में बिक्री 59 फीसदी घटी है और यह 2021 के बाद सबसे निचले स्तर पर है।

चीन में बिक्री 11.5 फीसदी कम हुई, जहां टेस्ला को BYD जैसी कंपनियों से कड़ी टक्कर मिल रही है।

पिछला हफ्ता टेस्ला के लिए सबसे खराब रहा, जब उसके शेयर 11 फीसदी तक गिर गए।

सोमवार को लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही और शेयर 3 फीसदी गिरकर 350.73 पर बंद हुए।

मस्क के सियासी प्रभाव का टेस्ला पर असर- मस्क ने ट्रंप प्रशासन से अपने संबंधों को मजबूत किया है। इससे उम्मीद थी कि इलेक्ट्रिक व्हीकल टैक्स सब्सिडी और सेल्फ-ड्राइविंग तकनीक को लेकर नीतियां टेस्ला के पक्ष में बनेंगी। लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ। मस्क ने फुल सेल्फ-ड्राइविंग टेक्नोलॉजी को टेस्ला की असली धरोहर बताया था, लेकिन निवेशकों का भरोसा अब कमजोर होता दिख रहा है।

## नवरत्न कंपनी को मिले 272 करोड़ रुपये के ऑर्डर, फिर भी टूटकर 85 रुपये पर पहुंचे शेयर




नई दिल्ली (एजेंसी)। नवरत्न कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को 2 ऑर्डर मिले हैं। इन ऑर्डर की वैल्यू 272.33 करोड़ रुपये है। दो नए ऑर्डर मिलने के बाद भी एनबीसीसी के शेयरों में तेज गिरावट आई है। कंपनी के शेयर मंगलवार को 5 पर्सेंट से अधिक की गिरावट के साथ 85.33 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 5 दिन में कंपनी के शेयर 10 पर्सेंट लुढ़क गए हैं। वहीं, पिछले 6 महीने में एनबीसीसी के शेयरों में 29 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है।

नवरत्न कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) को पहला ऑर्डर 170.33 करोड़ रुपये का मिला है। कंपनी को यह ऑर्डर सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब, बठिंडा से मिला है। कंपनी को इस ऑर्डर के तहत इंस्टीट्यूट के कैंपस में इंफ्रास्ट्रक्चर और दूसरे रिलेटेड वर्क्स के प्लानिंग, डिजाइनिंग और डिवेलपमेंट का काम करना है। एनबीसीसी को दूसरा ऑर्डर नवोदय विद्यालय समिति से मिला है और इस ऑर्डर की वैल्यू 102 करोड़ रुपये है। कंपनी को पिछले महीने दो ऑर्डर मिले थे, जिनकी वैल्यू 229.75 करोड़ रुपये थी।

नवरत्न कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) के शेयर पिछले दो साल में 266 पर्सेंट चढ़ गए हैं। एनबीसीसी के शेयर 10 फरवरी 2023 को 23.27 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 11 फरवरी 2025 को 85.33 रुपये पर बंद हुए हैं।

## ट्रंप के नए फैसले से Adani Group को मिली बड़ी राहत, शेयरों में भी दिखी हलचल



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर मार्केट में आज यानी मंगलवार (11 फरवरी 2025) को चौतरफा गिरावट का माहौल है। लेकिन, अदाणी ग्रुप के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। इसका स्टॉक 4.28 फीसदी तक बढ़ गया। अदाणी पावर के शेयर 4.17 फीसदी तक चढ़े, और अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के स्टॉक्स में 3.34 फीसदी तक की तेजी आई। एनडीटीवी के शेयरों में भी 3.84 तक का इजाफा हुआ। हालांकि, शेयर मार्केट क्रैश होने से ये स्टॉक भी लाल निशान में पहुंच गए। अदाणी ग्रुप के शेयरों में तेजी आने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फैसला था।

क्या है पूरा मामला- अदाणी ग्रुप के मालिक गौतम अदाणी और उनकी कुछ कंपनियों पर अमेरिका में कथित तौर पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। यह एक्शन 1977 के विदेशी भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम के तहत लिया गया था। लेकिन, अब ट्रंप ने इस कानून पर अस्थायी तौर पर रोक लगा दी है।

FCPA, 1977 में एक सख्त कानून है, जो अमेरिकी कंपनियों और नागरिकों को विदेशी सरकारी अधिकारियों को बिजनेस में फायदा उठाने के लिए रिश्वत देने से रोकता है। इसका मकसद अंतरराष्ट्रीय बिजनेस में नैतिकता और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है।

ट्रंप ने क्या आदेश किया- डोनाल्ड ट्रंप ने न्याय विभाग को आदेश दिया है कि वह FCPA के तहत चल रहे सभी जांच और मामलों को रोक दें। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक ट्रंप के निर्देश के हिसाब से अमेरिकी अटॉर्नी जनरल नए दिशानिर्देश जारी नहीं करते हैं। इससे अदाणी ग्रुप को भी बड़ी राहत मिलेगी, जिसके खिलाफ FCPA के तहत ही मामला चल रहा है।

FCPA को लेकर ट्रंप प्रशासन का कहना है कि इस कानून में कई खामियां हैं, जिससे अमेरिकी कंपनियों की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। यह एक्ट अमेरिकी कंपनियों के लिए वैश्विक व्यापार के अवसरों को मुश्किल बना रहा था।

## नए शिखर पर सोना, कीमतों में आया भारी उछाल; क्या ट्रंप हैं जिम्मेदार?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने की कीमतों में जोरदार तेजी का सिलसिला जारी है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,430 रुपये बढ़कर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में सभी इस्पात और एल्यूमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत का नया टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसके बाद वैश्विक स्तर पर हाजिर बाजारों में कीमती धातु ने 2,900 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर को पार कर लिया। आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की भारी खरीदारी से भी कीमतों में तेजी आई।

पिछले सप्ताह 24 कैरेट गोल्ड 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में 22 कैरेट गोल्ड 2,430 रुपये बढ़कर 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। चांदी की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति किलो हो गई। एक्सपर्ट का कहना है कि अब निवेशक बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेशक को प्राथमिकता दे रहे हैं। एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में अप्रैल डिलीवरी वाले सोने के अनुबंधों की कीमत 940 रुपये बढ़कर 85,828 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

## ट्रंप को पहले कार्यकाल में भारी पड़ पड़ी थी टैरिफ वॉर, इस बार क्या होगा?



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील और एल्युमिनियम के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने का आदेश दिया है। अगर आपको लगता है कि ऐसा पहले भी हुआ था, तो आप बिलकुल सही हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी साल 2018 में भी कुछ ऐसा ही किया था। उन्होंने स्टील और एल्युमिनियम पर इंपोर्ट टैरिफ लगा दिया था, जिससे इन धातुओं की कीमतों में तेज उछाल आया था।


पिछली बार टैरिफ बढ़ाने से अमेरिका को काफी नुकसान भी हुआ था। उसके कई अहम सहयोगियों के साथ ताल्लुकात खराब हो गए थे। अमेरिकी कंपनियों के लिए उत्पादन की लागत बढ़ गई थी, जो जो स्टील और एल्युमिनियम खरीदते थे और उनका उपयोग अपने उत्पाद बनाने में करते थे। आइए जानते हैं कि ट्रंप टैरिफ वॉर क्यों शुरू कर रहे हैं। स्टील और एल्युमिनियम के आयात पर टैक्स लगाने की क्या वजह है और इसका भारत पर क्या असर होगा?

ट्रंप अपनी अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के तहत लोकल प्रोडक्शन और रोजगार को बढ़ावा देना चाहते हैं। यही वजह है कि उन्होंने स्टील और एल्युमीनियम के इंपोर्ट पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। कई आर्थिक जानकारों का मानना है कि टैरिफ लगाने से अमेरिका में स्टील और एल्युमीनियम महंगा हो जाएगा। इसकी कीमत आखिर में अमेरिकी कंपनियों और उपभोक्ताओं को ही चुकानी होगी।

अमेरिकी कंपनी मिशेल मेटल प्रोडक्ट्स के सीईओ टिमोथी जिमरमैन का कहना है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में स्टील और एल्युमिनियम पर टैरिफ लगाने का काफी बुरा असर हुआ था। उन्होंने समाचार एजेंसी रॉयटर्स से कहा, %हमारे पास उन दिनों की बुरी यादें हैं। हम पर काफी प्रभाव पड़ा था। हमने जो चुनौतियां झेली थीं, उनके लिए हम जरा भी तैयार नहीं थी। हमने देखा कि स्टील की कीमतें कुछ ही महीनों में 70त्न तक बढ़ गईं। हमारे स्टील सप्लायर्स ने हमारे साथ कॉन्ट्रैक्ट तोड़ लिए। उन्होंने साफ कह दिया कि या तो 70 फीसदी ज्यादा दाम दो, या फिर मत खरीदो।

स्टील और एल्युमिनियम पर टैरिफ बढ़ने से अमेरिकी सहयोगियों पर बुरा असर पड़ेगा। कनाडा अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम का सबसे बड़ा सप्लायर है। मैक्सिको स्टील का तीसरा सबसे बड़ा सप्लायर है। जापान और दक्षिण कोरिया भी अमेरिका को स्टील एक्सपोर्ट करने वाले प्रमुख देश हैं।

## 110 प्रति शेयर डिविडेंड देने का ऐलान, कंपनी को हुआ 364 करोड़ का मुनाफा, आपके पास है यह शेयर?



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रॉक्टर एंड गैंबल हाइजीन एंड हेल्थ केयर लिमिटेड के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 1त्न से अधिक टूटकर 5259.70 रुपये पर बंद हुए। इधर, कंपनी डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ?110 प्रति इक्विटी शेयर का अंतरिम डिविडेंड देने का ऐलान किया है। डिविडेंड का भुगतान 7 मार्च 2025 को या उससे पहले किया जाएगा।

ने क्या कहा - प्रॉक्टर एंड गैंबल हाइजीन एंड हेल्थ केयर ने एक नियामक फाइलिंग में कहा हमें आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी के बोर्ड मेंबर ने आज हुई बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ?110 प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम डिविडेंड की घोषणा की है। डिविडेंड का भुगतान 7 मार्च, 2025 को या उससे पहले किया जाएगा।

दिसंबर तिमाही के नतीजे - कंपनी ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही में मुनाफा में 18% सालाना वृद्धि के साथ 364 करोड़ की वृद्धि दर्ज की।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# जंगल में मिली राख और हड्डियां, गुम इंसान की हत्या कर जलाने की आशंका

मडियादो - जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के सिंगपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत इमलीपुरा में शव के जलने के अवशेष मिलने पर सनसनी फैल गई। सूचना के बाद हटा एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, नायब तहसीलदार बटियागढ़ योगेंद्र चौधरी, रजपुरा थाना प्रभारी शत्रुघन दुबे ,एफएसएल टीम से निखिल ओर डॉग स्क्वाड द्वारा पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। मौके पर जांच टीम को जमीन से 50 फीट नीचे पत्थरों में राख सहित कुछ हड्डियां और जले हुए मोबाइल की प्लेट मिली जिसे जब्त कर पोस्ट मार्टम के लिए बटियागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन के अनुसार जांच उपरांत ही स्पष्ट हो पाएगा कि मिले अवशेष मानव के है या अन्य कोई है।परिजनों ने तलाशी राख

9 फरवरी 2025 को मगरोंन थाना में एक गुम इंसान का प्रकरण



दर्ज किया गया था।

इसमें उल्लेखित किया गया था कि कनौरा रामनगर निवासी जागेश्वर अठया उम्र 37 वर्ष 6 फरवरी 2025 से लापता है।

आखिरी कॉल अपने पुत्र श्याम सुन्दर अठया किया था और यह बताया था कि वह गांव के भगत बसयान के साथ जंगल में पार्टी कर रहा है।

इसके बाद जागेश्वर घर नहीं आया और फोन बंद हो गया। रिश्तेदारी में तलाश करने पर जागेश्वर नहीं मिला।

वहीं परिजनों द्वारा जब जंगल में सर्चिंग की गई तो उन्हें एक जंगली नाले में पत्थरों के बीच राख जिसमें हड्डियां और मोबाइल के जले अवशेष मिले।

इसकी सूचना रजपुरा पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा साक्ष्य एकत्रित कर जांच की जा रही है।

परिजनों के अनुसार जागेश्वर के साथ धोखा हुआ है और उसे मारा गया है। पुलिस में दर्ज गुम इंसान जागेश्वर के पुत्र श्याम सुन्दर अठया के अनुसार उनके साथ घटना की गई है। वह अन्य स्वजन दिलीप के अनुसार उनके जीजा के साथ धोखा कर हत्या की गई। मौके पर मिले साक्ष्य बता रहे कि मिली हड्डियां, मोबाइल और अन्य एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार उसके जीजा जागेश्वर को ही जलाया गया है।मेरे समक्ष राख, हड्डियां, मोबाइल के कुछ साक्ष्य जब्त हुए है। प्रथम दृष्टया में मानव को जलाया जाना प्रतीत हो रहा है। बाकी जांच उपरांत ही कुछ कह पाएंगे ।

**योगेंद्र चौधरी, नायब तहसीलदार बटियागढ़**

# जीजा ने दी थी साले के स्थान पर परीक्षा, दोनों को दो-दो साल की सजा



रतलाम। न्यायालय ने फर्जी तरीके से साले की जगह जीजा द्वारा परीक्षा देने के मामले में आरोपित गोपाल जाट पुत्र भरतलाल जाट निवासी ग्राम पंचेड व उसके जीजा देवकरण चौधरी पुत्र शिवनारायण चौधरी निवासी ग्राम कंसेर को भादंवि की धारा 419 में दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। उन पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया। फैसला प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट जावरा हर्षिता पिपरेवार ने सुनाया।

### *यह है पूरा मामला*

सहायक मीडिया सेल प्रभारी भूपेन्द्र कुमार सांगते ने बताया कि 15 जून 2015 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल कालूखेडा में भोज मुक्त विश्वविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष के आधार पाठ्यक्रम विषय की परीक्षा थी।

परीक्षार्थी गोपाल जाट निवासी पंचेड को परीक्षा में शामिल होना था, किंतु गोपाल के स्थान पर उसका जीजा देवकरण चौधरी निवासी ग्राम कंसेर परीक्षा दे रहा था।

पर्यवेक्षक कालुराम परिहार द्वारा उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर कराते समय प्रवेश पत्र पर फोटो का मिलान करने पर मिलान नहीं हुआ।

इस पर केन्द्राध्यक्ष संजना चौहान ( प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल कालूखेडा) को सूचना दी गई थी।वे परीक्षा कक्ष में पहुंची तथा चेक किया तो परीक्षार्थी गोपाल के स्थान पर उसका जीजा देवकरण उत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करते पाया गया था।पूछताछ करने पर देवकरण ने बताया था कि वह गोपाल के स्थान पर परीक्षा दे रहा है।इस पर कालूखेड़ा थाने पर गोपाल व देवकरण के खिलाफ रिपोर्ट की गई थी।

# सौरभ शर्मा, चेतन और शरद सात दिन तक ईडी की हिरासत में, अब पूछा जाएगा कि 54 किलो सोना किसका?




भोपाल। काली कमाई के आरोप में गिरफ्तार मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा, उसके करीबी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल से उनकी संपत्तियों के बारे में ईडी की टीम सात दिन पूछताछ करेगी। लगभग डेढ़ घंटे आरोपित पक्ष और सरकारी अधिवक्ता के बीच बहस सुनने के बाद विशेष पीएमएलए न्यायालय ने ईडी के प्रोडक्शन वारंट को स्वीकृति कर तीनों को 17 फरवरी तक के लिए हिरासत में ईडी को सौंप दिया। इसके बाद ईडी ने मंगलवार को ही जेल में तीनों की गिरफ्तारी की औपचारिकता पूरी कर ली।बता दें कि ईडी की टीम ने जेल में जाकर लगातार तीन दिन तक पूछताछ की थी। पहले दिन शरद जायसवाल, दूसरे दिन चेतन सिंह गौर और सबसे बाद में सौरभ के बयान लिए गए थे।

हर दिन लगभग छह घंटे की पूछताछ में ईडी की टीम को सौरभ की संपत्तियों के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिल पाई, इसलिए अब पुलिस हिरासत में लेकर इनसे पूछताछ प्रारंभ की गई है।

ईडी ने मामले में पीएमएलए के अंतर्गत प्रकरण कायम किया है।

इसके बाद 27 दिसंबर 2024 और 17 जनवरी 2025 को सौरभ, चेतन, शरद और करीबियों के यहां भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और पुणे में ईडी ने छापा मारा था।

छापे में 25 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और 10 करोड़ रुपये चल संपत्ति का पता चला था।नकद राशि बंधक कर ली गई है। इसके अतिरिक्त लोकायुक्त छापे के अगले दिन कार में मिले 54 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये नकद मिलने के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

सोना और नकदी चेतन की स्वामित्व वाली गाड़ी में मिला था, जिसे आयकर विभाग ने जब्त किया था।

चेतन ने पुलिस, ईडी व लोकायुक्त से पूछताछ में साफ कहा है कि कार का उपयोग सौरभ और उसके कार्यालय के लोग ही कर रहे थे।

कंपनियों के माध्यम से निवेश की जानकारी मिली थी ईडी को छापे के दौरान अचल संपत्तियों से संबंधित विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, सौरभ और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर कई फर्म और कंपनियों के माध्यम से किए गए निवेश के दस्तावेज भी मिले थे।

# भोजन की थाली चार सौ रुपये में मिली तो पानी की बोतल 40 रुपये में, पेट्रोल भी महंगा

जबलपुर। महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए कटनी से रीवा के चाकघाट के बीच रविवार शाम से सोमवार सुबह तक जाम में फंसे लोग परेशान हुए। गुजरात के प्रवीण भाई अपनी कार में स्वजन के साथ थे। कटनी के धनगंवा बायपास पर नईदुनिया से चर्चा में कहा कि हमें तो बस संगम पहुंचकर गंगा स्नान करना है। परेशानियों के बारे में कहा कि चार पहिया में पेट्रोल लगभग खत्म था। कटनी के पास गुजरे तो पेट्रोल पंप दिखा पर जाम होने के कारण वाहन को नहीं ले जा सके। बमुश्किल कुछ दूरी पर दूसरे पंप पर वाहन किनारे कर पेट्रोल कुछ महंगे दामों पर लिया। इसी तरह से भोजन की थाली चार सौ रुपये में मिली तो पानी की बोतल 40 रुपये में खरीदी।सतना से एक और कटनी से दो कुंभ स्पेशल ट्रेन चलानी पड़ीं

श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने के लिए रेल प्रबंधन ने सोमवार को तीन कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाकर प्रयागराज के लिए रवाना की गईं। एक स्पेशल सतना जंक्शन तो दो अन्य कटनी से चलाई गई हैं। रेलवे के मुताबिक सोमवार की सायं को सतना स्टेशन से करीब 15 हजार लोग प्रयागराज के लिए रवाना हुए।



# MP बोर्ड परीक्षा में जीरो या 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी की उत्तरपुस्तिका मुख्य परीक्षक भी जाचेंगे

भोपाल। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से आयोजित की जा रही है। पांच मार्च से मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया जाएगा । मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को मंडल ने अच्छे और बिल्कुल फिसड्डी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। ऐसे विद्यार्थी जिन्हें एक नंबर भी न मिला हो या जिनके नंबर 90 प्रतिशत से अधिक हो, उनकी उत्तरपुस्तिका दोबारा जांच की जाएगी।साथ ही उनकी उत्तरपुस्तिकाओं को मुख्य परीक्षक भी जाचेंगे। इनके अलावा एक या दो अंक से किसी विषय में विशेष योग्यता या प्रथम श्रेणी की पात्रता से वंचित होने वाले परीक्षार्थियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें हर पेज पर मिले अंकों को जोड़ने में भी विशेष सावधानी रखी जाएगी। ऐसे सभी विद्यार्थियों की कापी दोबारा चेक कर अंकों को ध्यान से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उत्तरपुस्तिका की जांच आदर्श उत्तर के अनुसार होगी। बता दें, कि इस बार बोर्ड परीक्षा में 17 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।विद्यार्थियों को हर स्टेप के नंबर मिलेंगे मप्र बोर्ड परीक्षा में अगर विद्यार्थी ने किसी भी सवाल को आधे से अधिक हल किया तो उसे आधा अंक मिल जाएगा।




# रिंग रोड़ सहित शहर के अन्य स्थानों पर यात्री बसों को अवैध रूप से पार्किंग करने वालों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

## किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने के कार्य और बकाया राजस्व वसूली के कार्य को दी जाएगी गति

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि रिंग रोड़ और शहर के अन्य स्थानों पर यात्री बसों को अवैध रूप से पार्किंग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। यह कार्रवाई अभियान चलाकर लगातार हो। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार यह तय किया जाए कि प्रत्येक किसान की फार्मर रजिस्ट्री अतिशीघ्र बन जाए। इस फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ मिलना है। इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री बनाने के कार्य को गति दी जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए प्रत्येक पटवारी को प्रतिदिन 10-10 फार्मर रजिस्ट्री बनाने का लक्ष्य दिया जाए। लक्ष्य पूर्ति की सभी एसडीएम समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि डायवर्सन सहित अन्य राजस्व बकाया वसूली की तरफ भी विशेष ध्यान दिया जाए। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जाए। उक्त दोनों कार्यों की प्रगति की सभी एसडीएम और अपर कलेक्टर्स क्षेत्र का भ्रमण कर नियमित समीक्षा भी करें। आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा



बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल, श्री रोशन राय, श्री राजेन्द्र रघुवंशी तथा निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों तथा डीजे के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। इसी तरह उन्होंने भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान को भी और अधिक गति देने तथा प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने कहा कि स्वच्छता में नम्बर वन बनने के लिए इंदौर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसको देखते हुए सभी शासकीय कार्यालयों और शासकीय परिसरों में भी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में समुचित साफ-सफाई रखी जाए। सभी शौचालय साफ रहें। यह देखें की कोई भी कचरा खुले में नहीं जले। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों से कहा कि वे भी स्वच्छता पर ध्यान देवे। यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी निर्माण स्थल पर ईधर-उधर निर्माण सामग्री नहीं फैले। बैठक में श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिले के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण को विशेष प्राथमिकता दें। प्रतिदिन आने वाले आवेदनों के तत्काल निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करें। 50 दिन से अधिक की अवधि के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहे। सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में रैंकिंग सुधार के प्रयास करें।

बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सभी एसडीएम से कहा कि वे जल जमाव होने वाले स्थानों को चिन्हित करें। ऐसे स्थान भी चिन्हित करें जिनके कारण पानी के बहाव में परेशानी आती है। यह जरूरी है कि बारिश के पूर्व ही हम अभी से सजग हो जाए और सभी जरूरी कार्य अभी से शुरू कर आगामी बारिश के पूर्व पूरे कर ले, जिससे की बारिश में कहीं भी जल जमाव की स्थिति नहीं बने।

## खेतों में फसल कटाई उपरांत अवशेषों (नरवाई) जलाने पर प्रतिबंध

इंदौर। पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए नेशनल ग्रीन टिब्युनल के निर्देशों के क्रम अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषतः धान एवं गेंहूँ की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों (नरवाई) को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में जारी निर्देशों के उल्लंघन किये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। पर्यावरण विभाग द्वारा नरवाई में आग लगाने के विरूद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि दण्ड का प्रावधान निर्धारित किया गया है।

इस संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने एक आदेश जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि आवश्यक व्यवस्था बनाकर बेहतर पर्यावरण जन स्वास्थ्य एवं जीव जन्तुओं की जीवन सुरक्षा सुनिश्चित करें तथा जारी आदेशानुसार प्राथमिकता से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बताया गया कि ऐसा कोई व्यक्ति/निकाय/ कृषक जिसके पास 2 एकड़ तक की भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 2500 रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। ऐसा कोई व्यक्ति/निकाय/कृषक जिसके पास 2 से 5 एकड़ तक की भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 5 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। ऐसा कोई व्यक्ति/निकाय/कृषक जिसके पास 5 एकड़ से अधिक भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 15 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। उक्त दण्ड वसूलने हेतु संबंधित व्यक्ति/निकाय/कृषक जिनके द्वारा नरवाई जलाकर पर्यावरण को क्षति पहुँचाई गई है, को उप संचालक कृषि सूचना-पत्र जारी करेंगे। उक्त सूचना-पत्र को व्यक्ति/निकाय /कृषक पर व्यक्तिशः तामिल कराने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी की होगी।

## 38वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि और गौरवशाली क्षण - मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सभी क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रहा है। अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। खेलों में भी मध्यप्रदेश इससे अछूता नहीं है। उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने 51 पदक जीत कर देशभर में चौथा स्थान हासिल किया है। यह मध्यप्रदेश के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब राष्ट्रीय खेलों में सिर्फ 5 दिन शेष हैं। हाल ही में नीलू यादव ने अपने बलबूते पर स्वर्ण पदक जीता है। इसे मिलाकर अब हमारे पास 21 गोल्ड हो गए। राष्ट्रीय खेलों का समापन 14 फरवरी को हल्द्वानी में होगा। गत 28 जनवरी से अब तक कई प्रतियोगिताओं के निर्णय हो चुके हैं और अभी कई खेल प्रतियोगिताएं जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई है कि राष्ट्रीय खेल खत्म होते-होते अभी और भी पदक मध्यप्रदेश की झोली में आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने वाली नीतियों और खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए इंदौर जिले में 12 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

इंदौर। समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए इंदौर जिले में अब तक 12 हजार 128 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। किसानों के पंजीयन का कार्य तेजी से जारी है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अतिशीघ्र अपना पंजीयन करा लें। इस वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रुपये अधिक है।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की बिक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के संबंध में पंजीयन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। इंदौर जिले में अब तक कुल 12 हजार 128 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। किसानों की सुविधा के लिए इस बार पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। इससे पंजीयन केन्द्रों में लाइन में लगकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। किसानों को निःशुल्क पंजीयन की सुविधा के लिए 61 पंजीयन केन्द्र बनाये गए है। यह पंजीयन एमपी किसान एप सहित निर्धारित शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सॉयबर कैफे में भी कराया जा सकता है। इन केन्द्रों द्वारा अधिकतम 50 रुपये प्रति पंजीयन का शुल्क लिया जा सकेगा। उक्त केन्द्रों पर पंजीयन सुविधा एवं निर्धारित शुल्क की जानकारी लगाई गई है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अपना गेहूँ समर्थन मूल्य पर विक्रय करना चाहते है, तो वे अपना पंजीयन जरूर करायें। समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिए पंजीयन जरूरी है। पंजीयन के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेज साथ ले जाना होंगे।

# इंदौर में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

इंदौर। इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत गत 8 और 9 फरवरी 2025 की रात इंदौर जिले में व्यापक स्तर पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान बायपास सहित शहर के कई इलाकों में होटल, ढाबों और संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की गई और 133 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किए गए।

सहायक आबकारी आयुक्त श्री मनीष खरे ने बताया आबकारी विभाग द्वारा इस विशेष अभियान के तहत हीरानगर, परदेशीपुरा, एम.आर.10 चौराहा, टोल नाका दादाजी ढाबा, हरजोत पंजाबी ढाबा, तेजाजी नगर बायपास, दिलीप नगर, नावदापंथ, टिगरिया कांकड़, राऊ, मांगलिया गांव, ग्रिलिशियस रेस्टोरेंट, साईबाबा रेस्टोरेंट एंड ढाबा नेमावर रोड ब्रिज, किला कोठी बायपास, निरंजनपुर, भंवरकुआं ट्रांसपोर्ट नगर, खुर्दा, गोलखेड़ा, मानपुर, गवली पलासिया, खेड़ा, बड़गोंदा, नखेड़ी डैम, अहीरखेड़ी, तंदूरी पैलेस ढाबा देवास नाका, जम्मू कश्मीर ढाबा मांगलिया और लसूड़िया, शेर-ए-पंजाबी ढाबा सहित कुल 98 स्थानों पर सघन तलाशी कर जांच की गई। कार्रवाई के दौरान विभाग ने 60.66 बल्क लीटर देशी मदिरा, 31.64 बल्क लीटर विदेशी स्प्रिट, 48.07 बल्क लीटर विदेशी बियर, 9.5 किलोग्राम भांग, 95.85 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 430 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। जब्त सामग्री की कुल कीमत एक लाख 91 हजार 60 रूपये है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहनों के खाते में राशि की अंतरित



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में आयोजित समारोह के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और किसान कल्याण योजना के हितग्राही किसानों के खातों में राशि अंतरित की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी ली।

# प्रदूषण जांच केन्द्रों की जांच, एक जांच केन्द्र सील, 2 लोडिंग वाहन जप्त

इंदौर। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत इंदौर को वायु स्वच्छता में नम्बर-1 बनाने के लिए कलेक्टर इंदौर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी के तहत परिवहन विभाग, नगर निगम तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा इंदौर में संचालित हो रहे प्रदूषण जांच केन्द्रों में से 5 केन्द्रों की आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान ऑनलाइन संचालित जांच केन्द्रों की कार्यप्रणाली नियमानुसार हो रही है या नहीं, इसकी तस्दीक की गई। यह संज्ञान में आने पर कि कुछ जांच केन्द्रों द्वारा अवैध तरीके से अन्य राज्यों की आई.डी. से प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे हैं, पर पिपलिया राव स्थित एक जांच केन्द्र को सील किया गया। उस जांच केन्द्र में प्रदूषण जांच मशीनें एवं ऑनलाइन जांच केन्द्र का बोर्ड लगा पाया गया, जबकि जांच केन्द्र के प्राधिकार पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी थी ।

अब यह जांच की जा रही है कि उक्त जांच केन्द्र द्वारा किसी अन्य राज्य की आई.डी. से प्रदूषण प्रमाण पत्र तो जारी नहीं किये जा रहे हैं। जांच पश्चात नियमानुसार मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों एवं नियमों के तहत विधिक कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि इंदौर में 100 से अधिक प्रदूषण जांच केन्द्र अधिकृत हैं, जिनमें से 60 केन्द्रों को हृष्ट के पोर्टल से जोड़ा जा चुका है एवं इन्हीं ऑनलाइन जांच केन्द्रों द्वारा जारी प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र मान्य हैं, शेष जांच केन्द्रों को भी ऑनलाइन करने की प्रक्रिया जारी है। प्रदूषण जांच केन्द्र से जारी ऑफलाईन प्रमाण पत्र मान्य नहीं हैं। आम जनता से अपील की गई है कि ऑफलाईन प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र नहीं बनवाये एवं कोई अन्य राज्यों की आई.डी. से ऑनलाईन प्रमाण पत्र बना रहा है, तो वह भी अवैध है। आम जनता की सुविधा के लिये इंदौर में ऑनलाईन संचालित प्रदूषण जांच केन्द्रों की सूची भी प्रकाशित की जा रही है।

संयुक्त कार्यवाही के दौरान 2 लोडिंग वाहन बिना प्रदूषण प्रमाण एवं वैध दस्तावेजों के अभाव में संचालित होते पाये जाने से जप्त किये गये। पूरे शहर में बड़े पैमाने पर एक-साथ वाहनों के प्रदूषण जांच प्रमाण पत्रों की जांच एवं प्रदूषण फैला रहे वाहनों के खिलाफ अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। आर.टी.ओ. इंदौर कार्यालय से ऑनलाईन प्रदूषण प्रमाण पत्रों का डाटा निकाल कर प्रदूषण जांच में विफल रहे वाहनों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी और ऑफलाईन प्रदूषण जांच केन्द्रों को पोर्टल पर इन्टीग्रेड करने की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही जिन वाहनों के प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र बनाये ही नहीं गयें हैं या जिन वाहनों के प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है।

दैनिक हिन्दकुश




अवन्तिकायाम विहितावतारम मुक्ति प्रदायनाय च सजनाम,
अकाल मृत्यु परिरक्षणाय, वन्दे महाकाल महा सुरेश्वरम
भूतभावन भगवान श्री महाकाल महाराज सभी को आरोग्यता प्रदान करें

# सीएमएचओ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोहाना एवं पीपलू के निरीक्षण के दौरान पाई गई कई अनियमितताएं

उज्जैन। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोहाना, विकासखण्ड बड़नगर जिला उज्जैन में प्रातः 10:30 बजे ओचक निरिक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान हस्ताक्षर रजिस्टर का अवलोकन करने पर चिकित्साधिकारी डॉ. सूर्यप्रताप सिंह,फार्मासिस्ट देवेन्द्र तिवारी , नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती सोनाली बामनिया , ए.एन.एम. वासुकि बोहरा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गये जिस पर चारो का 5-5 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए। संस्था के रूम का अवलोकन करने पर निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार व्यवस्थायें नहीं पायी गई ,इस पर सी.एम.एच.ओ. द्वारा आवश्यकता नुसार सुधारात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये।



### दवाई का रखरखाव उचित नहीं पाया गया

संस्था मे निर्धारित अनिवार्य औषधि सूची अनुसार दवाईयां उपलब्ध नहीं पाई एवं दवाई का रखरखाव भी उचित नहीं पाया गया, जिस पर निर्धारित सूची अनुसार समस्त आवश्यक औषधियों की पूर्ण समय उपलब्धता रखी जाने एवं दवाईयों का उचित संधारण एवं रिकार्ड अद्यतन रखने हेतु निर्देश दिये गये। स्वास्थ्य संस्था के परिसर मे गुणवत्तापूर्ण साफ सफाई रखने एवं मरीजों से मधुर व्यवहार करने हेतु निर्देश दिये गये।

संस्था पर कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारी को मुख्यालय पर निवास करने एवं बिना सूचना के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिये गये। सभी अधिकारी, कर्मचारी समय पर ड्युटी पर उपस्थित रहने एवं निर्धारित ड्रेसकोड अनुसार पूर्ण समय ड्युटी पर उपलब्ध रहने हेतु निर्देश दिये भी गये।

इसी प्रकार बड़नगर मे संचालित उपस्वास्थ्य केन्द्र पीपलू का भी निरीक्षण किया गया यहां पदस्थ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती नीलम तिवारी संस्था के अतिरिक्त अन्यत्र स्थान पर टीकाकरण करने गई थी । निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डॉ. आदित्य माथुर उपस्थित रहें।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप उज्जैन मेन का हुआ प्रतिज्ञा अनुष्ठान शपथ ग्रहण समारोह



उज्जैन। हंसते-हंसते अपने पद को साथी सदस्य को हस्तांतरित करने वाली देश की एक मात्र संस्था है दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन। जिसमें देश में फैली हुई 360 शाखों में एक या दो वर्ष के कार्यकाल समाप्ति पर नए अध्यक्ष का प्रजातांत्रिक पद्धति से नये नेतृत्व का चयन कर बड़े उत्साह के साथ अपने पद को हस्तांतरित करती है।

उक्त विचार दिगंबर जैन सोशल ग्रुप उज्जैन मेन के प्रतिज्ञा अनुष्ठान शपथ ग्रहण समारोह में फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका ने व्यक्त किये। समारोह का आरंभ कीर्ति पांड्या, अलका जैन, नीतू जैन के मंगलाचरण से हुआ। इस अवसर पर महिदपुर विधायक दिनेश बोस एवं नंदलाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। स्वागत भाषण प्रशांत जैन ने दिया। पश्चात वर्ष भर का लेखा-जोखा प्रतिवेदन सचिव धर्मेंद्र जैन ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष देवेंद्र कंसल एवं एवं कॉन्फ्रेंस चेयरमैन अश्विन जैन भी उपस्थित हुए। उज्जैन रिजन अध्यक्ष विमल जैन देवास ने भी आगामी अधिवेशन की रूप रेखा बताई। प्रशांत जैन ने वर्ष 2024 में कर्मठ एवं सक्रिय सदस्य साथियों का सम्मान किया। स्वागत नृत्य हीती एवं हिया कांसल ने प्रस्तुत किया। पश्चात ग्वालियर से पधारे फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास गंगवाल ने वर्ष 2025 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप पांड्या, सचिव अनिल जैन, सीमेंट कोषाध्यक्ष आशीष जैन सहित 70 लोगों की बड़ी कार्यकारिणी को पद की गरिमा एवं संस्था के विकास की शपथ दिलवाई। अतिथि परिचय नवीन जैन, जंबु जैन धवल ने दिया।

## श्री अवंति पार्श्वनाथ तीर्थ की छठी वर्षगांठ पर हुआ ध्वजारोहण



उज्जैन। श्री अवंति पार्श्वनाथ तीर्थ के त्रिशिखरीय जिनालय की षष्ठी वर्षगांठ महोत्सव के अवंति तीर्थोद्धारक गच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणी प्रभसूरीश्वरजी म.सा. के आशीर्वाद से एवं परम पूज्य मातृहृदया साध्वी अमितगुणाश्रीजी म.सा., प.पू. अमीझराश्रीजी म.सा. की निश्रा में ध्वजा का वरघोड़ा निकला। सत्रह भेदी पूजा के साथ श्री अवंति पार्श्वनाथ तीर्थ की मुख्य ध्वजा के लाभार्थी बैंगलोर निवासी संघवी कुशलराजजी उत्तमचंदजी ललितकुमारजी गुलेच्छा परिवार ने पूरे विधि विधान के साथ मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वजारोहण किया।

# जयभारती शिक्षण संस्थान में विदाई समारोह 2025 यादगार रहा



उज्जैन। जयभारती शिक्षण संस्थान के विदाई समारोह के प्रमुख अतिथि संस्था सचिव राजेंद्र जोशी और प्राचार्य आशा तिवारी थे।सर्वप्रथम दोनो अतिथियों का स्वागत विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।उसके बाद कक्षा 11वी के विद्यार्थियों ने 12वी के विद्यार्थियों का स्वागत भारतीय संस्कृति के अनुसार तिलक लगाकर और पुष्पों से किया और उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी को ग्रीटिंग कार्ड दिए।

उसके बाद अपने उद्बोधन में सचिव महोदय ने उनके इस कार्यक्रम के लिए दोनो ही कक्षाओं के विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हे इस वर्ष मध्यप्रदेश शासन द्वारा जो पूरक परीक्षा बंद की हे उसकी जानकारी दी और उन्हे अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी।अपने उद्बोधन में प्राचार्य आशा तिवारी ने बताया की इस तरह के कार्यक्रम रीति रिवाज की तरह होते हे जिससे दूसरे विद्यार्थी सीखते है।इसके बाद कक्षा 12वी में कुछ विद्यार्थी ऐसे भी है जो नर्सरी कक्षा से विद्यालय में अध्यनरत हे उन्होंने विद्यालय की तारीफ साझा की जिसमे कीर्ति मालवीय,पियूष बिल्लोदिया,मुकेश गाडरी मुख्य रूप से मौजूद रहे।इसके बाद पासिंग गेम खेला गया जिसमें दिव्या डिंडोरिया प्रथम रही।मिस 12वी का खिताब अलीना खान को और मिस्टर 12वी लकी मालवीय को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पायल मंगलानी और सना खान ने किया आभार विपुल जोशी ने माना।

# विक्रम संवत 2081 के आगमन पर होगा ध्वाजारोहरण

## नवसंवत नव विचार द्वारा सांस्कृतिक, साहित्यिक आयोजन आयोजित किये जावेगें



उज्जैन। संस्था नवसंवत नव विचार द्वारा विक्रम संवत 2081 के आगमन पर परम्परा अनुसार ध्वाजारोहरण एवं सांस्कृतिक, साहित्यिक आयोजन आयोजित किये जावेगें।

संस्था सचिव प्रतीक जैन ने जानकारी देते हुये बताया कि परम्परा अनुसार समस्त नौ दिवसीय आयोजन किये जावेगे, जिनका उद्देश्य समाज में उत्थान नवजागरण एवं समाज कल्याण रहेगा सर्वप्रथम नव वर्ष आगमन पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमो लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रामराजेश मिश्र एवं संस्था अध्यक्ष डॉ. योगेश शर्मा की गरिमा मय उपस्थिति में आयोजित की गई, जिसके अंतर्गत संस्था के लगातार 27 वें वर्ष के आयोजन में दिनांक 30. 03.2025 को प्रातः 06ः45 पर रामघाट पर सूर्य को अर्ध्य प्रदान कर उसके उपरांत प्रातः 10ः00 बजे उज्जैन नगर निगम की अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्यजनो की उपस्थिति में महावीर कीर्ति स्तम्भ फव्वारा चौक से इन्द्र ध्वज का पूजन कर चल समारोह प्रारम्भ होकर गोपाल मंदिर पर ध्वाजारोहण एवं हिमाद्री संकल्प के साथ सम्पन्न होगा।

इस संकल्प के माध्यम से धार्मिक एवं तीर्थ स्थलो का तीर्थ पुरोहितो, धर्माचार्यो की सनिधि में स्वच्छता संकल्प का आग्रह किया जावेगा। इसके उपरांत सम्राज विक्रमादित्य नव रत्नो की स्मृति में विभिन्न खण्डो के माध्यम से शंकु खण्ड के अंतर्गत सांस्कृति आयोजन में लोककला की माच शैली का मंचन किया जावेगा, कला खण्ड के अंतर्गत अमर सिंह की स्मृति में उज्जयिनी में शैव एवं वैष्णव परम्परा के मंदिरो का रूपांकन किया जावेगा, व्याख्यान खण्ड के अंतर्गत वराह मिहिर की स्मृति में सिंहस्थ के प्रति नवकल्पित होती उज्जयिनी पर परिसंवाद किया जावेगा।

सम्राट विक्रमादित्य की समृति में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति का व्याख्यान आयोजित किया जावेगा, महाकवि कालिदास स्मृति में कविता खण्ड के अंतर्गत सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार एवं शायर अपनी रचनाओं की प्रस्तुती देगें, वररूचि खण्ड के अंतर्गत कबीर भजन सत्र का आयोजन किया जायेगा, और धनवंतरि खण्ड के अंतर्गत श्रमिक बस्ती में स्वास्थय शिविर का आयोजन डॉ. लक्ष्यजीत मिश्र के संयोजन में किया जावेगा, क्षपणक स्मृति में जैन संत का व्याख्यान आयोजित किया जावेगा। बैठक के दौरान डॉ. ब्रजेन्द्र सिंह चौहान, सुरेश वर्मा, अशोक सारवान, वासुदेव रावल, शैलेन्द्र परमार, डॉ. संचित शर्मा, राकेश चौहान, संजय बारोड़, सतीश शर्मा, चुन्नीलाल धैर्या आदि गणमान्य उपस्थित रहें।

## अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में वैदिक यज्ञ के साथ दिव्यांग बहु दिव्यांग बच्चों का गृह प्रवेश सम्पन्न



उज्जैन। मानव सेवातीर्थ अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में नवनिर्मित श्रीमती जयवंती जादवजी भाई ऐंकरवाला प्राकृतिक चिकित्सा भवन में वैदिक यज्ञ मुख्य यजमान लक्ष्मीनारायण आर्य उप प्रधान प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा, भोपाल एवं आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल की वरद उपस्थिति में नाथूलाल शर्मा मंत्री उप प्रधान आर्य समाज बड़नगर एवं माणिकचन्द आर्य उप प्रधान आर्य समाज बड़नगर के आचार्यवत् में सम्पन्न हुआ। वैदिक यज्ञ में श्रीमती जानकीदेवी बगड़िया, दिल्ली, मोनिका दीदी, श्रीमती मंजू वनवासी संस्था उपाध्यक्ष, श्रीमती अनिता गोयल सहित आश्रम के विशेष बच्चों ने वैदिक यज्ञ में आहुतियाँ प्रदान की। आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने बताया कि आश्रम परिसर में दिव्यांग, बहु दिव्यांग एवं बिस्तरग्रस्त विशेष बच्चों का नवनिर्मित भवन में वैदिक यज्ञ के साथ गृह प्रवेश सम्पन्न हुआ।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com